प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्र सरकार ने धान और कपास सहित 14 खरीफ फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया : वाराणसी हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल और रनवे के विस्तार को दी स्वीकृति।
2. देशभर में कल अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीनगर में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में होंग शामिल।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर लगाई रोक।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत : मौसम विभाग ने 23 से पच्चीस जून के बीच मानसून के पूरे उत्तर प्रदेश में पहुंचने की जताई संभावना।

——————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल–एमएसपी बढ़ी

केंद सरकार ने खरीफ मौसम की 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया है। सरकार ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास और राष्ट्रीय फोरेंसिक बुनियादी ढांचा संवर्धन योजना को भी स्वीकृति दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान की एमएसपी में प्रति कुन्तल एक सौ 17 रुपये की वृद्धि की गई है। किसान अब धान 23 सौ रुपये प्रति कुन्तल की दर से बेच सकेंग। उन्होंने बताया कि सरकार ने कैबिनेट बैठक में पांच बड़े फैसले लिये हैं। कैबिनेट ने 14 फसलों पर विपणन सत्र 2024–25 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी को स्वीकृति दी है। फसल की सुरक्षा की चिंता करते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर दो  लाख नये गोदाम बनाने का फैसला भी किया है।

प्रदेश के किसानों ने धान, कपास, बाजरा, दलहन, तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। बाइट..........

<u>केन्द्रीय मंत्रिमंडल–एमएसपी बढ़ी/जोड़</u>

*प्रधानमंत्री जी ने एमएसपी का रेट जो बढ़ाया है, निःसंदेह किसानों के जीवन स्तर पर बहुत सकारात्मक फर्क पड़ने वाला है और इसके लिए हम अपने प्रधानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट करते हैं। सरकार जो किसानों के अनाज का दाम जो बढ़ाया है वो एक सराहनीय काम है। हम सरकार को धन्यवाद देते हैं। आने वाले दिनों में अनाज का रेट और अगर बढ़ा दिया जाए तो किसान खुशहाल रहेगा  लागत कुछ कम कर दिया जाये। जिससे सरकार को फायदा हो और किसानों की आमदनी भी बढ़े।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि किये जाने के केन्द्रीय

मंत्रिमंडल के फैसले पर खुशी जताई है। श्री योगी ने कहा कि एनडीए सरकार किसानों की समृद्धि के लिये पूरी तरह समर्पित है।

————————

देशभर में कल दसवां अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये जोर–शोर से तैयारियां चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल श्रीनगर में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्रीनगर में विश्व विख्यात डलझील के किनारे स्थित शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाग शामिल होंगे।

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद स्तर पर मनाया जायेगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम है– स्वयं और समाज के लिये योग। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मथुरा में कल 21 जून को भारतीय सैनिकों के साथ योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी रामपुर में और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

इसके अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री भी विभिन्न जनपदों में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पशुधन दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह मेरठ में, औद्योगिक विकास विभाग के मंत्री जसवंत सिंह सैनी रामपुर

में, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह एटा में, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरूण कुमार सक्सेना बरेली में, सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

राजधानी लखनऊ में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय क काउंसलर अंजनी कुमार दुबे ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया...........

*इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मूल विषय है स्वयं और समाज के लिए योग। आप अपने आप को व्यवस्थित करने के जो वैज्ञानिक तरीके हैं, उन्हें जब अपनाते हैं तो उसे हम योग कहते हैं। आपका हमारा जुड़ना भी योग है। स्वयं को तराशने की जो वैज्ञानिक कला है, उसे हम योग कहते हैं। योग हमें शारीरिक रूप सुदृढ़  करने का तरीका सिखाता है, आहार विहार की कला सिखाता है।*

वाराणसी के संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक डॉ0 राजकुमार ने बताया कि आज हर वर्ग के लोग योग कर रहे हैं। योग प्राचीन काल से चली आ रही एक जीवनशैली है। बादट........

*योग प्राचीन काल से चली आ रही एक जीवन शैली है जिसके द्वारा आत्मनिर्भरता आती है। जब से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आरम्भ हुआ है तब से इस पर लोगों की रुचि बढ़ी है और हर वर्ग हर समुदाय के लोग योग कर रहे हैं।*

जौनपुर में वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के

लिये विश्वविद्यालय में प्रतिदिन योग सत्र चलाये जा रहे हैं। उन्होंने योग के बहुआयामी लाभों के बारे में बताया......

*योग हमारे मन तन और आत्मा के बीच में सामंजस्य स्थापित करता है और दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करना अति आवश्यक है। ये हमारे मन की एकाग्रता को बढ़ाता है हमारे शरीर के संतुलन को बढ़ाता है और हमको एक सकारात्मक सोच प्रदान करता है। किसी भी व्यक्तित्व के संपूर्ण उत्थान के लिए नियमित योग एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है।*

———————

## लेते है एक ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

*सिकल सेल एनिमिया जिंगल*

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

शिक्षा मंत्रालय ने देश के तीन सौ सत्रह शहरों में 18 जून को आयोजित हुयी यूजीसी नेट–परीक्षा रद्द कर दी है। मंत्रालय ने कल कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी की जानकारी मिलने के बाद यह फैसला किया गया है और सीबीआई जांच के आदेश दिये गये हैं। परीक्षा जल्द ही फिर से आयोजित की जायेगी।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर आज रोक लगा दी। नीट परीक्षा आयोजित

करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए की स्थानांतरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वालो अवकाश पीठ ने ये रोक लगाई। सुनवाई के दौरान एनटीए के वकील ने बताया कि पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह की स्थानांतरण याचिका पर नोटिस जारी किये जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालयों में नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के कई मामलों पर सुनवाई हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरण याचिकाओं और परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

——————————

पूर्वांचल समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों में बीती रात से आंधी और बारिश का दौर शुरू होने से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग कानपुर के चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस. एन. सुनील पांडेय ने बताया कि प्री मानसून की बारिश बाइस जून से शुरू होने की उम्मीद है। इससे मौसम में बदलाव होगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। तेइस से पच्चीस जून के बीच मानसून के पूरे उत्तर प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। हालांकि प्रदेश के पश्चिमी जिलों में अगले दो–तीन दिनों तक भीषण गर्मी जारी रह सकती है।

——————————

काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या के कायाकल्प के बाद प्रदेश सरकार ने अब मिर्जापुर में माता विंध्यवासिनी देवी के धाम को नव्य–भव्य रूप देने की शुरुआत कर दी है। माता विंध्यवासिनी की लीलाओं से जुड़ी कथाओं और तीर्थ के महत्व को दर्शाने वाली विभिन्न कलाकृतियों को आर्ट गैलरी के माध्यम से सुसज्जित किया जाएगा। आर्ट गैलरी के निर्माण से यहां आने वाले पर्यटकों को आस्था, कला और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिलेगा।

———————

प्रदेशभर में एक जुलाई से नये आपराधिक कानून लागू हो जायंगे। इन कानूनों में अनाथ बच्चों और यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों के पुनर्वास के लिये विशेष प्रावधान किये गये हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में ऐसे बच्चे जो अनाथ है और माता–पिता द्वारा स्वेच्छा से छोड़ दिये गये हैं या मानसिक रूप स विकलांग माता–पिता की संतान है, उनके लिये नये कानूनों में विशेष व्यवस्था की गई है। बीएनएस की धारा 63, 64 में बच्चों के साथ यौन अपराध के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। धारा 137 से धारा 146 में बच्चों के अपहरण, गुलामी और जबरन श्रम के संबंध में कड़े कानून बनाये गये हैं।

तीन नये आपराधिक कानूनों पर अधिक जानकारी के लिये सुने हमारा विशेष कार्यक्रम सुबह दस बजकर पचास मिनट पर।

(समाप्त)